सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-151**
26/03/2018

मुख्यमंत्री ने 'एक शाम जवानों के नाम' कार्यक्रम का किया उद्घाटन

पटना 26 मार्च, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में 'एक शाम जवानों के नाम' कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ भेंटकर श्री पुरुषोत्तम वैष्णव ने स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से किया गया। इसके बाद कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। लोकगायिका नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार सरकार द्वारा चलायी जा रही बाल विवाह एवं दहेज प्रथा उन्मूलन पर एक गीत भी प्रस्तुत की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, उद्योग मंत्री श्री जयकुमार सिंह, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री विनोद नारायण झा, गन्ना उद्योग मंत्री श्री फिरोज अहमद उर्फ खुर्शीद आलम, पर्यटन मंत्री श्री प्रमोद कुमार, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, खान भूतत्व मंत्री श्री विनोद कुमार सिंह, सहकारिता मंत्री श्री राणा रणधीर सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, जिलाधिकारी पटना कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मनु महाराज सहित सेना, अर्द्धसैनिक बलों के अधिकारी, जवान एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******